27.05.2026 आकाशवाणी मध्यप्रदेश 7.10PM

प्रादेशिक समाचार

मुख्य समाचार:---

- देशभर में बढ़ती गर्मी के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोगों से सावधानी बरतने और हाइड्रेटेड रहने की अपील की ।

- केंद्र सरकार ने सार्थक-पीडीएस योजना को जारी रखने की मंजूरी दी है, जिसके लिए 25 हजार 530 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

- खजुराहो में केंद्रीय आयुष मंत्री प्रतापराव जाधव ने योग दिवस काउंटडाउन कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

- प्रदेश के उपमुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने आज 'एयर एम्बुलेंस एमपी' पोर्टल और मोबाइल ऐप लॉन्च किया।

पीएम मोदी- गर्मी

देशभर में बढ़ती गर्मी के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोगों से सावधानी बरतने की अपील की है। उन्होंने सोशल मीडिया पर कहा कि खुद को हाइड्रेटेड रखने, दोपहर की तेज धूप में बाहर निकलने से बचने और घर से निकलते वक्त पानी साथ रखने की अपील की है। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि जो प्यासा हो उसे पानी पिलाएं और जानवरों व पक्षियों के लिए भी बाहर पानी रखें।

राष्ट्रपति मुर्मु- सिक्किम

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज शाम गंगटोक में सिक्किम विश्वविद्यालय के सातवें दीक्षांत समारोह में शामिल हुईं। समारोह में 33 विभागों के करीब 14 हजार छात्रों को उपाधि प्रदान की गई। 285 मेधावी छात्रों को स्वर्ण और रजत पदक से नवाजा गया, जिनमें 199 छात्राएं शामिल रहीं। राज्यपाल ओम प्रकाश माथुर और मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग भी इस अवसर पर उपस्थित रहे।

पीडीएस योजना

केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति की बैठक में सार्थक-पीडीएस योजना को अम्ब्रेला योजना के रूप में जारी रखने की मंजूरी दी है। इसके लिए केंद्र सरकार ने 25 हजार 530 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है। इस योजना के तहत AI, मशीन लर्निंग और ब्लॉकचेन जैसी उन्नत तकनीकों का उपयोग कर पीडीएस संचालन को आधुनिक बनाया जाएगा।

एसआईआर

सर्वोच्च न्यायालय ने निर्वाचन आयोग द्वारा कराई गई मतदाता सूचियों की विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर प्रक्रिया की वैधता को बरकरार रखा है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉय माल्या बागची की पीठ ने कहा कि निर्वाचन आयोग लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम-1950 के तहत एसआईआर कराने की पूर्ण शक्ति रखता है।

ट्विशा शर्मा

एक्ट्रेस ट्विशा शर्मा की संदिग्ध मौत के मामले में भोपाल कोर्ट ने आरोपी पति समर्थ सिंह को 29 मई तक सीबीआई रिमांड पर भेज दिया है। सीबीआई की टीम उसे लेकर घटनास्थल का निरीक्षण भी किया। वहीं मध्यप्रदेश हाईकोर्ट में रिटायर्ड जज और सास गिरिबाला सिंह की अग्रिम जमानत रद्द करने की मांग वाली याचिका पर सभी पक्षों को सुनने के बाद कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया ।

## सीबीएसई तीन भाषा

वहीं दूसरी तरफ सुप्रीम कोर्ट ने सीबीएसई की नई भाषा नीति पर रोक को लेकर कोई भी दिशा निर्देश देने से इनकार कर दिया है। भारत के चीफ़ जस्टिस सूर्य कांत ने इस मामले में सीबीएसई को जवाब देने के लिए नोटिस दिया है. सीबीएसई की नई नीति के मुताबिक़ कक्षा 9-10 के लिए स्टूडेंट्स को तीन भाषाएं पढ़नी होंगी जिनमें दो भाषाओं का 'नेटिव इंडियन लैंग्वेज' होना ज़रूरी है। इसी नीति के ख़िलाफ़ सुप्रीम कोर्ट में कई याचिकाएं दायर की गई थीं। अदालत ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 15-16 जुलाई की तारीख़ दी है।

## खजुराहो- योग

खजुराहो के पश्चिमी मंदिर परिसर में केंद्रीय आयुष राज्य मंत्री प्रतापराव जाधव ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की 100 दिवसीय काउंटडाउन सीरीज के 25वें कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में करीब दो हजार लोगों ने भाग लिया। श्री जाधव ने घोषणा की कि इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का मुख्य समारोह 21 जून को कोलकाता में आयोजित होगा। इस बार की थीम 'स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग' रखी गई है।

## एयर एंबुलेंस -पोर्टल

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने आज मंत्रालय में 'एयर एम्बुलेंस एमपी' पोर्टल और मोबाइल ऐप का शुभारंभ किया। इसमें एयर एम्बुलेंस सेवा के लिए अनुरोध की प्रक्रिया अब और सरल व तेज हो जाएगी। पोर्टल में रियल टाइम ट्रैकिंग, डिजिटल सेवा अनुरोध और समयबद्ध अनुमोदन अलर्ट जैसी सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

## नीट यूजी- गिरफ्तार

सीबीआई ने नीट यूजी पेपर लीक मामले में आज तीन और लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें महाराष्ट्र के लातूर का एक डॉक्टर और पुणे के दो कोचिंग संस्थानों के शिक्षक शामिल हैं। इस मामले में अब तक कुल 13 लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है।

## नेहरू पुण्यतिथि

भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि पर भोपाल में आज कांग्रेसजनों ने श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किए। राज्यसभा सांसद एवं पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने रोशनपुरा चौराहे पर स्थापित पंडित नेहरू की प्रतिमा पर पुष्पार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी, वहीं प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में भी उनके चित्र पर माल्यार्पण किया गया।

## मन की बात

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 31 मई को 'मन की बात' कार्यक्रम के माध्यम से देश और विदेश के लोगों से अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम का 134वां एपिसोड होगा। श्रोता टोल-फ्री नंबर 1800-11-7800 पर कॉल करके, नरेंद्र मोदी ऐप या MyGov ओपन फोरम के माध्यम से अपने विचार और सुझाव भेज सकते हैं। आगामी एपिसोड के लिए सुझाव 29 मई तक स्वीकार किए जाएंगे।

## गेहूं उपार्जन

प्रदेश ने न्यूनतम समर्थन मूल्य पर 13 लाख 36 हजार किसानों से 103 लाख 48 हजार मीट्रिक टन गेहूं का उपार्जन कर देश में पहला स्थान हासिल किया है। खाद्य मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया कि कोविड काल को छोड़कर विगत 10 वर्षों में यह सर्वाधिक गेहूं उपार्जन है।

## पीएम सूर्य घर योजना

मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के 16 जिलों में पीएम सूर्य घर योजना के तहत अब तक 39 हजार 975 उपभोक्ता पंजीकृत हो चुके हैं और उनके खातों में 311 करोड़ 64 लाख रुपये से अधिक की सब्सिडी जमा कराई जा चुकी है।

## मौसम

अब बात मौसम की। प्रदेश में नौतपा के दौरान भीषण गर्मी का दौर जारी है। मौसम विभाग ने आज निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर, पन्ना, सतना और रीवा जिलों में तीव्र लू का रेड अलर्ट जारी किया। वहीं कल प्रदेश के 16 शहरों में अधिकतम तापमान 44 डिग्री या उससे अधिक दर्ज किया गया। इसमें खजुराहो सबसे गर्म रहा जहां पारा 46.4 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। मौसम विभाग के अनुसार 28 मई तक गर्मी अपने चरम पर बनी रहेगी, लेकिन 29 मई से मौसम बदलना शुरू होगा और कई जिलों में आंधी व बारिश की गतिविधियां बढ़ सकती हैं। विभाग का कहना है कि 10 से 16 जून के बीच मानसून प्रदेश में दस्तक दे सकता है।

## संक्षिप्त समाचार

- राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण एवं भोपाल स्थित अनुसंधान संस्थान 3 से 5 जून तक 'भारतीय ज्ञान परंपरा' विषय पर तीन दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कर रहा है। इसमें विभिन्न शासकीय महाविद्यालयों के 60 प्राध्यापक भाग लेंगे।
- खरगोन जिला सहकारी केंद्रीय बैंक की ठिबगांव शाखा में 41 लाख 58 हजार रुपये के गबन का मामला सामने आने पर बैंक प्रबंधन ने तीन  कर्मचारियों को निलंबित कर विभागीय जांच शुरू कर दी है।
- शिवपुरी जिले में बाल श्रम रोकथाम को लेकर कलेक्टर ने  दुकानों] ढाबों] कारखानों में बल श्रमिक न होने की और होने पर कायर्वाही करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

- पेयजल समस्याओं की सतत निगरानी एवं हैण्डपंप संधारण संबंधी शिकायतों के त्वरित निराकरण हेतु आगरमालवा में जिला स्तरीय नियंत्रण कंट्रोल रूम बनाया गया है।
- कटनी में आईएचएसडीपी योजना के तहत प्रेमनगर बस्ती में बने आवासों पर 8 अनधिकृत कब्जों को जिला प्रशासन ने अतिक्रमण मुक्त कराया।
- राजगढ़ में आज जिला पंचायत सभाकक्ष में जल संचयजन भागीदारी अभियान के तहत तकनीकी मार्गदर्शन कार्यशाला आयोजित की गई।
- शहडोल जिले में इस साल खरीफ फसल की बोनी का लक्ष्य 3 हजार हेक्टेयर बढ़ाकर धान बोनी लक्ष्य1 लाख 50 हजार हेक्टेयर किया गया है ।
- खंडवा जिला चिकित्सालय सह चिकित्सा महाविद्यालय में विश्व तंबाकू निषेध सप्ताह के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।
- नर्मदापुरम कलेक्टर ने आज सीएम हेल्पलाइन में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जिला अधिकारियों को प्रमाण पत्र देकरसम्मानित किया।
- आईपीएल में अब से कुछ देर में सनराइजर्स हैदराबाद और राजस्थान रॉयल्स के बीच एलिमिनेटर मैच खेला जाएगा।

---------------------------------------------